पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न.2 वायु सेना केंद्र हिंडन गाज़ियाबाद

साक्षात्कार सूचना शैक्षणिक सत्र 2026-27

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न. 2 वायु सेना केंद्र हिंडन गाज़ियाबाद में दैनिक संविदा आधार (पार्ट टाइम) पर **नर्स और डांस & म्यूजिक इंस्ट्रक्टर** के लिए पैनल बनाने हेतु साक्षात्कार **31/07/2026** को सुबह 08:30 AM से 10 :00 AM आयोजित किया जा रहा है । उपयुक्त / योग्य / पात्र उम्मीदवार दिनांक 26/07/2026 से 31/07/2026 10:00 AM तक गूगल फॉर्म भर सकते हैं जिसके लिंक निम्नवत हैं:

Online Google Form Link:

1. Applicant are invited for the Post on Contractual/ Part-time basis for the Academic Session 2026-27:
   A. NURSE
   B. DANCE & MUSIC INSTRUCTOR
2. Registration Google Form Link for the above two Posts: https://forms.gle/2y9We1yJuHFQMt83A
3. रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक

   https://drive.google.com/file/d/1oOxTPP3ji7umum8G8GCfEWdKgSOjhsmE/view?usp=sharing
4. Registration in SAMVIDA SATHI :-https://samvida-sathi.kvs.gov.in/register

पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति एवं दो नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हों ।

- साक्षात्कार के लिए विद्यालय द्वारा TA/DA प्रदान नहीं किया जाता ।

महत्वपूर्ण निर्देश:

- केन्द्रीय विद्यालय सगंठन के नियमानसुार केन्द्रीय विद्यालय में लागू विषयों हेतु सत्रारंभ से पूर्व पैनल बनाने का प्रावधान है, भले ही किसी विषय में रिक्त पद न हो क्योंकि सत्र के मध्य में शिक्षक के स्थानान्तरण अथवा अवकाश पर जाने से कुछ अल्प समय के लिए भी संविदा शिक्षक की आवश्यकता हो सकती है ।
- जिस भी पद हेतु पात्रता रखते हों / आवेदन करना है, अलग-अलग आवेदन करें एवं समस्त आवेदनों के साथ वांछित दस्तावेजों की स्वसत्यापित छायाप्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें ।
- आवेदन करते समय समस्त जानकारी सही प्रदान करें, यदि जाँच में कोई जानकारी गलत पाई गई तो संविधानिक कार्रवाई की जा सकती है ।

• साक्षात्कार हेतु पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि 31/07/2026 पर प्रात: 8:30 बजे से 10:00 बजे के मध्य मूल दस्तावेजों एवं दो नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ के साथ वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित हो, बिना वेरिफिकेशन साक्षात्कार सभंव नहीं होगा ।

• साक्षात्कार प्रक्रिया में पूर्णत: पारदर्शिता बरतते हुए साक्षात्कार के अंकों के अनुरूप वरीयता क्रम निर्धारित कर बनाए गए पैनल की प्रति विद्यालय वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी तथा आवश्यकता होने पर पैनल की वरीयता से शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा विद्यालय के प्राचार्य / उप-प्राचार्य / वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा कक्षा शिक्षण का निरीक्षण कर यदि कार्य संतोषजनक पाया गया, तो ही सेवाएं ली जाएगी ।

• वेतन / मानदेय केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियम अनुसार जो संविदा शिक्षकों / प्रशिक्षकों आदि के लिए समय-समय पर लागू होता है, देय होगा।

• विद्यालय हित में उपरोक्त संविदा कर्मचारी के द्वारा संतोषजनक सेवाएँ ना देने पर हटाए जाने का अधिकार विद्यालय के पास सुरक्षित है।

• साक्षात्कार में समान अंक प्राप्त होने पर अनुभव को वरीयता दी जाएगी बशर्ते यह अनभुव उसी पद पर पिछले 10 वर्षों में प्राप्त किया गया हो तथा उसका वैध प्रमाण पत्र अभ्यर्थी द्वारा वेरीफिकेशन के समय (बाद में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा) फॉर्म के साथ जमा किया गया हो। साक्षात्कार एवं अनुभव दोनों में समानता होने पर आयु में वरिष्ठ को वरीयता दी जाएगी ।

• उपरोक्त पदों के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओँ का समुचित ज्ञान आवश्यक है।

• आयु सीमा 31/07/2026 को 18-64 वर्ष, संविदा पर नियुक्त कर्मचारी किसी अन्य भत्ते, सेवा लाभ, नियमितीकरण के अधिकारी नहीं होंगे ।

अति-महत्वपूर्ण निर्देश:

• साक्षात्कार के समय समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक सेट स्व-सत्यापित छायाप्रति अवश्य लाएं। [मूल प्रति वेरिफिकेशन कर अभ्यर्थी को तुरंत लौटा दी जाएगी किन्तु आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति नहीं लौटाए जाएगें]

• फॉर्म के साथ कक्षा 10, 12, ग्रेजुएशन / पोस्ट ग्रेजुएशन (जैसा लागू हो) एवं अन्य डिप्लोमा/ डिग्री / अनभुव प्रमाण पत्र एवं एक प्रति पहचान पत्र पते सहित [वोटर आई डी / राशन कार्ड/ आधार कार्ड/ पासपोर्ट आदि] अवश्य लगाएं। [समस्त दस्तावेज स्व-सत्यापित होने चाहिए]

• पात्रता हेतु वांछित योग्यता / अनिवार्य योग्यता विषयों के संयोजन आदि भली-भांति जाँच लें ।

• के. वि. संविदा शिक्षक की सेवाएँ पूर्णतया अस्थायी होती हैं, रिक्ति होने पर ही उनकी सेवाएँ ली जाती हैं एवं यदि कार्य संतोषप्रद / विद्यार्थी हित में न पाया जाए अथवा केविसं द्वारा स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति हो जाए तो बिना कारण बताए संविदा कर्मचारी की सेवाएँ समाप्त करने के सर्वाधिकार इस विद्यालय के पास सुरक्षित हैं, अत: संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है क्योंकि “कब किस विषय के शिक्षक का स्थानांतरण हो जाए अथवा कब कौन शिक्षक अपरिहार्य कारण से लम्बे अवकाश पर चला जाए” इसका निर्धारण असभंव है, चयन केवल न्यनूतम योग्यता एवं अनभुव आदि के आधार पर पैनल द्वारा प्रदान किए गए अंकों के आधार पर होता है ।

● चयनित अभ्यर्थी की सेवाएँ लेने से पूर्व न्यनूतम 100 रु. के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर अभ्यर्थी एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न.2 वायु सेना केंद्र हिंडन गाज़ियाबाद के मध्य केविसं वास्ते / पक्ष [BEHALF] सहमति पत्र हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

- केंद्रीय विद्यालय संगठन के रिक्रूटमेंट रूल्स संविदा भर्ती पर भी लागू होते हैं तथापि सरलता, सहजता एवं विस्तृत व्याख्या हेतु पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जेएनयू में पार्ट टाइम संविदा नियुक्ति हेतु रिक्रूटमेंट रूल्स की व्याख्या की जा रही है तथापि विवाद की स्थिति में केविसं मुख्यालय की वेबसाईट पर परिचालित / नवीनतम अद्यतित यदि हों, लागू होंगे ।
- यदि किसी पद हेतु पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होंगे तो पुन: साक्षात्कार कराया जा सकता है अथवा दिल्ली संभाग के अन्य के वि के पैनल से भी पात्र एवं योग्य शिक्षक चुना जा सकता है ।

S.N.	Name of post	Essential Qualification	वेतन दर (केविस के नियमानुसार)
1	NURSE	Degree/diploma in Nursing from recognized	रु 750 /- प्रतिदिन (केवल कार्यदिवस पर लागू)
2	DANCE & MUSIC INSTRUCTOR	Any recognition at State or National level (Classical/Folk) in Dance	रु 21250 /- (प्रतिमाह)